आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 मंगलवार                                                    दिनांक 03.02.2026

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

मुख्य समाचारः—

1— प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और अमरीका के बीच व्यापार समझौता वैश्विक व्यापार वार्ताओं के प्रति सरकार के सुसंगत और संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाता है।

2— मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नवा रायपुर में ''प्रोजेक्ट अंतरिक्ष संगवारी'' का शुभारंभ किया।

3— छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को कथित शराब घोटाले के मामले में सर्वोच्च न्यायालय से मिली अंतरिम जमानत।

4— रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आज शाम से होगी पच्चीसवें भारत रंग महोत्सव की शुरूआत।

<u>भारत—अमरीका व्यापार समझौते</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि अमरीका के साथ भारत का ऐतिहासिक व्यापार समझौता निरंतर धैर्य का परिणाम है। प्रधानमंत्री ने आज संसदीय दल की बैठक में एनडीए सांसदों को संबोधित करते हुए कहा कि इस व्यापार समझौते ने एक अनुकूल आर्थिक वातावरण बनाया है और वैश्विक व्यापार वार्ताओं के प्रति सरकार के सुसंगत और संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाया है। उन्होंने

कहा कि विपक्ष ने टैरिफ की आलोचना की, लेकिन सरकार ने धैर्य बनाए रखा और इसके परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व व्यवस्था बदल रही है और इसका झुकाव तेजी से भारत की ओर हो रहा है।

भारत–अमरीका व्यापार समझौता के अंतर्गत मेड इन इंडिया उत्पादों पर अमरीका भारत पर पच्चीस प्रतिशत की जगह अट्ठारह प्रतिशत टैरिफ लगाएगा।

<u>पीएम–परीक्षा पे चर्चा</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से शुक्रवार को ''परीक्षा पे चर्चा'' कार्यक्रम को देखने का आग्रह किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं के साथ बातचीत करना ऊर्जा पूर्ण रहा। उन्होंने परीक्षार्थियों से तनावरहित होकर परीक्षाएं देने, चुनौतियों से निपटने के व्यावहारिक तरीके अपनाने, सामंजस्य स्थापित करने और आत्मविश्वास बढ़ाने पर जोर दिया। श्री मोदी ने बताया कि इस वर्ष परीक्षार्थियों के साथ रायपुर, देवमोगरा, कोयंबटूर, गुवाहाटी और उनके आधिकारिक आवास, सात लोक कल्याण मार्ग तथा दिल्ली में महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए गए।

<u>''प्रोजेक्ट अंतरिक्ष संगवारी''</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नवा रायपुर के राखी गांव स्थित एक शासकीय स्कूल में ''प्रोजेक्ट अंतरिक्ष संगवारी'' का शुभारंभ किया। यह केन्द्र छत्तीसगढ़ सरकार और एक निजी संस्था के सहयोग से शुरू किया गया है। इस अवसर पर अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रोजेक्ट अंतरिक्ष संगवारी वैज्ञानिक सोच की नर्सरी है, जहां बच्चे सैटेलाइट निर्माण, ट्रैकिंग और अंतरिक्ष तकनीक से जुड़े आधुनिक कौशल सीख सकेंगे। यह केंद्र प्रदेश के बच्चों के लिए सपनों की प्रयोगशाला बनेगा और उन्हें अंतरिक्ष क्षेत्र में करियर, नवाचार और स्टार्टअप के नए अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे ही केन्द्र प्रदेश के हर जिले में शुरू किए जाएंगे।

वहीं, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में आगे बढ़ने इस तरह के केन्द्र बहुत महत्वपूर्ण साबित होंगे।

इस बीच, पत्रकारों से चर्चा करते हुए उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ को अंतरिक्ष केंद्र की सौगात मिलना प्रदेश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। इससे राज्य में अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित होंगे।

<u>केंद्रीय राज्यमंत्री–बजट प्रतिक्रिया</u>

केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा पेश किए गए बजट को "विकसित भारत" के निर्माण की दिशा में एक दूरदर्शी, समावेशी और परिवर्तनकारी दस्तावेज बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल वित्तीय प्रावधानों का दस्तावेज नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त रोडमैप है।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ के लिए नए अवसर लेकर आया है। बायोफार्मा हब, सेमीकंडक्टर मिशन, टेक्सटाइल पार्क, एमएसएमई सहायता, कार्बन क्रेडिट और ग्रामीण

अर्थव्यवस्था से जुड़ी योजनाएं राज्य के औद्योगिक और आर्थिक विकास को गति देंगी। उन्होंने बताया कि पांच हजार करोड़ रूपये के अर्बन इकोनॉमिक रीजन, म्युनिसिपल बॉन्ड प्रोत्साहन और शहरी बुनियादी ढांचे के सुधार से छत्तीसगढ़ के शहरों को नई मजबूती मिलेगी।

## <u>शिक्षक भर्ती</u>

छत्तीसगढ़ सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग ने सहायक शिक्षकों के दो सौ बयानवे नये पद सृजित करते हुए उन पर भी भर्ती की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस तरह अब प्रदेश में करीब पांच हजार शिक्षकों की भर्ती की जाएगी।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में आज ही आदेश जारी किया गया है।

## <u>कवासी लखमा–अंतरिम जमानत</u>

सर्वोच्च न्यायालय ने छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी मंत्री और कांग्रेस विधायक कवासी लखमा को कथित शराब घोटाले से जुड़े दो आपराधिक मामलों में अंतरिम जमानत दे दी है। आज इस मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने कहा कि मुकदमे के शीघ्र निष्कर्ष की कोई संभावना न होने की स्थिति में उन्हें लगातार हिरासत में रखना उचित नहीं होगा। कवासी लखमा को यह राहत भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा की जा रही जांच के मामले में मिली है। कवासी लखमा को अदालत की कार्यवाही में उपस्थित होने के अलावा छत्तीसगढ़ में प्रवेश करने से प्रतिबंधित किया गया है।

गौरतलब है कि कवासी लखमा को ईडी ने पंद्रह जनवरी दो हजार पच्चीस को गिरफ्तार किया था। इसके बाद दो अप्रैल को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने उन्हें गिरफ्तार किया था।

<u>बस्तर पंडुम</u>

सात फरवरी से बस्तर के मुख्यालय जगदलपुर में शुरू होने जा रहे बस्तर पंडुम के संभाग स्तरीय कार्यक्रम में एक हजार स्कूली बच्चों द्वारा सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। इस आयोजन को लेकर प्रशासन और स्कूली बच्चों द्वारा लगातार तैयारियां की जा रही हैं।

गौरतलब है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सात फरवरी को जगदलपुर में बस्तर पंडुम के संभाग स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगी।

<u>रंग महोत्सव</u>

रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आज शाम से पच्चीसवें भारत रंग महोत्सव की शुरूआत हो रही है। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के तत्वावधान में आयोजित यह महोत्सव आठ फरवरी तक चलेगा। महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिष्ठित रंगमंच समूह अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

उद्घाटन प्रस्तुति के रूप में बाबा नागार्जुन के उपन्यास पर आधारित नाटक 'पारो' का मंचन किया जाएगा। वहीं, कल चार फरवरी को बिरू मुखोपाध्याय द्वारा लिखित और बिधान चंद्र हालदार द्वारा निर्देशित बांग्ला नाटक 'शास्ति' का मंचन होगा।

तोमन कुमार–पदक

सातवीं एनटीपीसी पैरा राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के तोमन कुमार ने व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत और टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। यह प्रतियोगिता पंजाब के एनएसआईएस पटियाला में तीस जनवरी से दो फरवरी तक आयोजित की गई। बालोद जिले के तोमन कुमार पिछले दो वर्षों से बिलासपुर स्थित तीरंदाजी एकेडमी में प्रशिक्षण ले रहे हैं।

गौरतलब है कि तोमन कुमार केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ के जवान रह चुके हैं। नक्सल ऑपरेशन के दौरान आईईडी विस्फोट में उन्होंने अपना बायां पैर खो दिया था।

ग्रेड सेपरेटर–राशि मंजूर

रायपुर और भिलाई–दुर्ग के बीच सुगम यायातात के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–तिरपन पर सिरसा गेट और खुर्सीपार गेट चौक पर ग्रेड सेपरेटर बनाए जाएंगे। राज्य शासन के प्रस्ताव पर केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने इसके लिए सतहत्तर करोड़ छत्तीस लाख रुपए मंजूर किए हैं।

रायपुर और दुर्ग के बीच ग्रेड सेपरेटर के निर्माण से दोनों ओर आने–जाने वाले वाहनों को कहीं भी रूकना नहीं पड़ेगा। दोनों शहरों के बीच कुम्हारी चौक, डबरा पारा, पावर हाउस चौक और सुपेला चौक पर पहले ही फ्लाईओवर्स का निर्माण किया जा चुका है।

वित्तीय धोखाधड़ी

भिलाई स्थित छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय में पीएचडी शोधार्थियों से शुल्क के नाम पर करीब नौ लाख चवालीस हजार रूपये की वित्तीय धोखाधड़ी का मामला सामने आया

है। विश्वविद्यालय प्रशासन की शिकायत पर नेवई पुलिस ने पीएचडी शाखा में पदस्थ कनिष्ठ सलाहकार सुनील कुमार प्रसाद के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच में सामने आया है कि कनिष्ठ सलाहकार द्वारा शोधार्थियों से नकद राशि लेकर उन्हें फर्जी शुल्क रसीदें दी गईं। कुछ मामलों में राशि को उनके निजी बैंक खाते में भी ऑनलाइन ट्रांसफर कराया गया।

इस बीच, ऑनलाइन सामान वितरण से प्राप्त नकद राशि में गबन और धोखाधड़ी के मामले में भिलाई पुलिस ने कंपनी के सुपरवाइजर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर वाउचर और बैंक जमा राशि में एक लाख रूपये से अधिक की हेराफेरी कर कंपनी को आर्थिक नुकसान पहुंचाने का आरोप है।

संक्षिप्त समाचार

और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कल चार फरवरी को मंत्रालय में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक होगी।
- रायपुर–बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित विद्यालयों में आज नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण–एनएचएआई और नेशनल हाईवे इन्फ्रा ट्रस्ट–एनएचआईटी की पहल पर आयोजित इस शिविर में लगभग पंद्रह सौ छात्र–छात्राओं की आंखों की जांच की गई।
- उत्तर पूर्व रेलवे के नूनखार–देवरिया सदर रेलवे स्टेशनों के बीच मरम्मत कार्य के चलते आठ और पंद्रह फरवरी को नौतनवा–दुर्ग एक्सप्रेस, नौतनवा स्टेशन से री–शेड्यूल की जाएगी।
- दक्षिण रेलवे के तहत चेन्नई मंडल में आवश्यक कार्य के कारण नौ फरवरी को बिलासपुर से रवाना होने वाली बिलासपुर–एर्णाकूलम एक्सप्रेस, परिवर्तित मार्ग से रवाना होगी।
- बालोद जिले में संबलपुर नर्सरी के पास हुए सड़क हादसे में एक व्यापारी की मौत हो गई। वहीं, उसकी पत्नी और दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

- सक्ती जिले में पुलिस ने चौरानवे नग नशीली सिरप के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के पास से कार और एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>